न्यायालय उपखण्ड अधिकारी, गडरारोड़ जिला बाड़मेर

पीठासीन अधिकारी : सुरेश कुमार – I

राजस्व आवेदन संख्या :– 89/2025

दिनांक– 23/01/2026

क्रमांक/आवेदन/2026/379

प्रार्थीगण	विप्रार्थीगण
	बनाम
1. मुरारसिंह पुत्र भूरसिंह, जाति– राजपूत, नि0 भियाड तह0 शिव जिला बाडमेर वगैरा (3)	1. नैन कंवर पत्नी चन्दनसिंह, जाति–राजपूत, नि0 सिलासन तह0 राणीवाडा जिला जालोर वगैरा (13)

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111, 128 राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम

आदेश

प्रार्थीगण द्वारा प्रस्तुत नेखमबंदी आवेदन पर प्रार्थीगण को सुना एवं पत्रावली का अवलोकन किया गया। भू–अभिलेख निरीक्षक जैसिन्धर स्टेशन को प्रार्थीगण की मौजा जैसिन्धर गांव, पटवार मण्डल– जैसिन्धर गांव, तह0 गडरारोड़ जिसके ख़ाता संख्या नया 152, पुराना खाता संख्या 118 एवं खसरा नम्बर 1608 कुल रकबा 8.1099 हैक्टैयर विवादित भूमि को वर्तमान सर्वेक्षण मानचित्रों के आधार पर तथा लैण्ड रेकार्डस रूल्य, 1957 के नियम 34 (3) की प्रक्रिया अपनाते हुये भूमि के चारों तरफ पक्के नेखम स्थापित कर पालना प्रतिवेदन 15 दिवस मे भिजवाने हेतु 500/– रूपये शुल्क पर कमिश्नर नियुक्त किया जाता है। इस हेतु आवश्यकता होने पर उन्हें सम्बन्धित पुलिस थाना से पुलिस इमदाद प्राप्त करने हेतु अधिकृत किया जाता है। निरीक्षक भू– अभिलेख बाद पालना, पालना प्रतिवेदन प्रेषित करें।

उपखण्ड अधिकारी
गडरारोड़

क्रमांक/आवेदन/2026/380-85

दिनांक–23/01/2026

प्रतिलिपि– निम्नांकित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ।

1. तहसीलदार गडरारोड़ को सूचनार्थ।
2. भू–अभिलेख निरीक्षक जैसिन्धर स्टेशन को पालनार्थ।
3. हल्का पटवारी जैसिन्धर गांव को भेजकर लेख है कि भू–अभिलेख निरीक्षक जैसिन्धर स्टेशन द्वारा निर्धारित तिथि को मय रिकार्ड मौके पर उपस्थित होकर नेखमबन्दी की कार्यवाही पूर्ण करावें।
4. थानाधिकारी पुलिस थाना गडरारोड़ को पालनार्थ।
5. प्रार्थीगण मुरारसिंह पुत्र भूरसिंह वगैरा (3) को [illegible] साथ
6. विप्रार्थीगण नैन कंवर पत्नी चन्दनसिंह वगैरा (13) को सूचनार्थ।

Signature Not Verified
Digitally signed by Suresh Kumar
Date: 2026.02.18 11:54:40 IST
Reason: SelfAttested

उपखण्ड अधिकारी
गडरारोड़